# CORSE OF ACTION

**निर्देश: ( प्रश्न 1–4 )**

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के तीन उपाय I, II और III दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है जो समस्या, नीति आदि के संदर्भ में सुधार अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से संबंधित है। कथन में दी गई जानकारी के आधार पर आपकों कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिए गए सुझावों में से कौन-सी कार्यवाही कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है।

1. कथन: पिछले दो दिनों में भारी वर्षा के कारण शहर के दो प्रमुख भागों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जलमग्न हो गई है।

पूर्वधारणाएं: I. सरकार को तुरंत प्रभावित क्षेत्र में राहत टीम भेजनी चाहिए।

II. नगरपालिका प्राधिकरण को सड़क से पानी निकालने के प्रयास तत्काल करने चाहिए।

III. नगरपालिका प्राधिकरण को पानी निकालने तक आम जनता को घर में रहने की सूचना देनी चाहिए।

(a) केवल I अनुसरण करती है।
(b) केवल I और II अनुसरण करती हैं।
(c) केवल I और III अनुसरण करती हैं।
(d) कोई I और III अनुसरण करती हैं।
(e) इनमें से कोई नहीं

2. कथन: पिछले कुछ सप्ताहों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं।

पूर्वधारणाएं: I. कीमतों की प्रवृत्ति के अध्ययन के लिए सरकार को एक विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए।

II. सरकार को आवश्यक वस्तुओं पर कर तुरंत समाप्त कर देने चाहिए।

III. सरकार को आम जनता को सूचित करना चाहिए कि कुछ दिनों के लिए आवश्यक वस्तुओं की खरीद न करें।

(a) केवल अनुसरण नहीं करती है।
(b) केवल I अनुसरण करती हैं।
(c) केवल II अनुसरण करती हैं।
(d) कोई III अनुसरण करती हैं।
(e) केवल I और II अनुसरण करती हैं।

3. कथन: स्कूल द्वारा दिया गया मध्यान्ह भोजन खाने के बाद स्थानीय स्कूल के बहुत से विद्यार्थी बीमार पड़ गए।

पूर्वधारणाएं: I. सरकार को स्कूल के प्रधानाचार्य को तुरंत निलंबित करना चाहिए।

II. स्कुल के प्राधिकारियों को विद्यार्थियों की बीमारी के कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू करनी चाहिए।

III. सरकार को सभी स्कुलों को अनुदेश देने चाहिए कि वे अगले आदेश मिलने तक मध्यान्ह भोजन योजना स्थगित करदें।

(a) केवल I अनुसरण करती है।
(b) केवल II अनुसरण करती हैं।
(c) केवल III अनुसरण करती हैं।
(d) केवल II और III अनुसरण करती हैं।
(e) इनमें से कोई नहीं

4. कथन: शहर के पश्चिमी भाग के गंदी बस्ती में रहने वाले बहुत से लोग मलेरिया पीड़ित है ऐसा निदान हुआ है।

पूर्वधारणाएं: I. नगरनिगम के प्रभावित क्षेत्र में तुरंत मच्छर निवारक का छिड़काव करने की व्यवस्था करनी चाहिए।

II. नगरपालिक प्राधिकरण को प्रभावित लोगों को तुरंत आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।

III. नगरपालिका प्राधिकरण को शहर के पश्चिमी भाग में झोपड़ियों में रहने वाले सभी लोगों को अन्यत्र स्थानांतरित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

(a) केवल I अनुसरण करती है।
(b) केवल II अनुसरण करती हैं।
(c) केवल I और II अनुसरण करती हैं।
(d) I, II और III अनुसरण करती हैं।
(e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश: ( प्रश्न 5–9 )**

नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के दो उपाय I और II दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है जो समस्या, नीति आदि के संदर्भ में सुधार अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से संबंधित है। कथन में

दी गई जानकारी से आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसकेबाद यह करना है कि दिए गए सुझावों में से कौन-सी कार्यवाही कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है।

उत्तर (1) दीजिये यदि केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

उत्तर (2) दीजिये यदि केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

उत्तर (3) दीजिये यदि कार्यवाही I या कार्यवाही II अनुसरण करती है।

उत्तर (4) दीजिये यदि न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करती है।

उत्तर (5) दीजिये यदि I और II दोनों कार्यवाहियां अनुसरण करती है।

5. कथन: हाल ही में क्रेडिट/डेबिट कार्ड संबंधी जालसाजी के बहुत से मामले रिकार्ड किए गए हैं।

कार्यवाहिया: I. अधिकृत व्यक्ति द्वारा क्रेडिट/डेबिट कार्ड का प्रयोग सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को कड़ाई पूर्वक सत्यापन करना चाहिए।

II. प्लास्टिक मुद्रा के व्यवहार करने के संबंध में बैंकों को अपने ग्राहकों को अधिक सावधान करने की सूचना देनी चाहिए।

6. कथन: मद्य-सेवन और प्रलाप पार्टियों कॉलेज के वर्तमान युवाओं के लिए फैशल बन गई हैं जो उन्हें अपनी पढ़ाई से विपरित करती हैं।

कार्यवाहियां: I. राज्य सरकारों को विद्यार्थियों को पब्स और बार्स में प्रवेश की अनुमति नहीं देने संबंधी नियम बनाना चाहिए।

II. माता-पिताओं और कॉलेजों को कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों पर कड़ा अनुशासन लागू करना चाहिए।

7. कथन: विविध क्षेत्रों में बढ़ती हुई प्रतियोगिताओं से बच्चों और युवाओं पर अत्यधिक दबाव पड़ता है और परिणामस्वरूप वे अत्यधिक गंभीर कदम उठाते हैं।

कार्यवाहियां: I. बच्चों और युवाओं को उनके माता-पिताओं के साथ प्रतियोगिता को सही परिप्रेक्ष्य में सामना करने के लिए परामर्श दिया जाना चाहिए।

II. माता-पिता और शिक्षकों को बच्चोंपर दबाव नहीं डालने की सलाह दी जानी चाहिए।

8. कथन: देश के अधिकांश भागों में पावर कट ने परीक्षा के समय विद्यार्थियों को अत्यधिक मुश्किल में डाल दिया है।

कार्यवाहिया: I. सरकार को लोगों को जनरेटरों और इनवर्टरों जैसी आपात व्यवस्था करने की सूचना देनी चाहिए।

II. पावर कट के विरोध में विद्यार्थियों के माता-पिताओं को राज्य बिजली बोर्ड के सामने मोर्चा निकालना चाहिए।

9. कथन: शहर में रिहायशी टावरों के निर्माण में वृद्धि, जल आपूर्ति, मल-निकास प्रणाली आदि जैसी आधारभूत व्यवस्थाओं में बाधा डालती है।

कार्यवाहिया: I. जब तक आधारभूत सुविधाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान न कर लिए जाए, नगर पालिका प्राधिकरण को टावरों के निर्माण की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

II. जो बिल्डर्स नियमों का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ संबद्ध प्राधिकरणों को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## Course of Action

**1.** (b)
**2.** (b)
**3.** (d)
**4.** (c)
**5.** (e)
**6.** (d)
**7.** (e)
**8.** (d)
**9.** (e)